शाहजहाँपुर पुलिस

प्रेस नोट - सराहनीय कार्य 03.09.2024

दिनांक – 03.09.2024, थाना कटरा पुलिस का सराहनीय कार्य,

मुकमदे मे वांछित बाल अपचारी को किया गया गिरफ्तारः-

श्री अशोक कुमार मीणा पुलिस अधीक्षक जनपद शाहजहाँपुर के निर्देशानुसार जनपद में अपराध की रोकथाम व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु श्री मनोज कुमार अवस्थी पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन में पर्यवेक्षण व श्री प्रंयाक जैन क्षेत्राधिकारी तिलहर के कुशल पर्यवेक्षण में ,प्रभारी निरीक्षक थाना कटरा के नेतृत्व में थाना कटरा पुलिस को बडी सफतला प्राप्त हुई ।

दिनांक 03.09.2024 को वादी फूल सिंह पुत्र सोनपाल निवासी ग्राम शिवदासपुर थाना कटरा जनपद शाहजहाँपुर की लिखित तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0 328/2024 धारा 190/191/326/331/305/327/109 BNS बनाम 1. राजन सिंह पुत्र शिवसिंह आदि 06 नफर जनपद शाहजहाँपुर के विरुद्ध पंजीकृत किया गया । जिसमे वांछित बाल अपचारी काल्पनिक नाम छोटू को मुखबिर की सूचना पर आज दिनांक 03.09.2024 को ग्राम शिवदासपुर से समय करीब 11.10 बजे गिरफ्तार किया गया । विधिक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार शुदा बाल अपचारी को मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जायेगा ।

गिरफ्तार बाल अपचारी का विवरणः-

बाल अपचारी काल्पनिक नाम छोटू उम्र करीब 16 वर्ष

बाल अपचारी का अपराधिक इतिहासः-

मु0अ0सं0 233/2024 धारा 307/323/452 IPC थाना कटरा, शाहजहांपुर

मु0अ0सं0 328/2024 धारा 190/191/326/331/305/327/109 BNS थाना कटरा, शाहजहांपुर

विवरण पूछताछः-

पूछताछ पर अभियुक्त द्वारा बताया कि मैं बलवन्त सिंह इण्टर कालेज कटरा में कक्षा 10 में प्राइवेट आर्ट साइड से पढाई करता हूँ साहब फूल सिंह मेरे ही गांव के रहने वाले हैं, ने कुछ दिन पहले मेरे खिलाफ 307 का मुकदमा लिखवाकर मुझे जेल भिजवा दिया था जब से मैं जेल से छूट कर आया हूँ तभी से मैं तथा मेरे पिता तथा मेरे रिश्तेदारों ने फूल सिंह को सबक सिखाने की सोची थी पर मौका नहीं मिल रहा था क्योंकि फूल सिंह ग्राम शिवदासपुर में नहीं रह रहा था बल्कि अपनी रिश्तेदारी में बच्चो सहित रहता था जैसे ही हमें मौका मिला दिनांक 06.08.2024 की रात्रि में मैं तथा मेरे पापा राजन सिंह, मेरे सोतेला भाई राजकुमार व अन्य लोग इकठ्ठा होकर फूल सिंह के साथ घटना कारित किये व थोडा बहुत पैसा फूल सिंह के घर से मिला था वह खर्च हो गया साहब मुझसे गलती हो गयी मुझे क्षमा कर दीजिये ।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस पार्टी का विवरण –

1. नि0अ0 श्री विनोद कुमार थाना कटरा जनपद शाहजहाँपुर
2. म0उ0नि0 सुश्री मोनिका चौधरी थाना कटरा जनपद शाहजहाँपुर
3. का0 2300 अंकित नेहरा थाना कटरा जनपद शाहजहाँपुर
4. का0 2685 प्रवीन कुमार थाना कटरा जनपद शाहजहाँपुर